आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 27.12.2024
समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की आयु में निधन।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉक्टर मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी।
- उत्तराखंड नगर निकाय चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने महापौर के लिए नामों की सूची केंद्रीय नेतृत्व को भेजी।
- राज्य के पर्वतीय हिस्सों में आज बर्फबारी की संभावना।

निधन

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का कल नई दिल्ली में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। उन्हें नई दिल्ली स्थित एम्स के मेडिकल इमरजेंसी में रात करीब आठ बजे भर्ती कराया गया। तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। एम्स ने डॉ. मनमोहन सिंह को कल रात नौ बजकर 51 मिनट पर मृत घोषित कर दिया।

उन्होंने 2004 से 2014 तक भारत के 13वें प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। उनके परिवार में पत्नी गुरूशरण कौर और तीन बेटियां हैं। डॉ. सिंह का जन्म 26 सितंबर 1932 को अविभाजित भारत के पंजाब प्रांत के एक गांव में हुआ था। डॉ. मनमोहन सिंह 33 साल तक सेवा देने के बाद इस साल अप्रैल में राज्यसभा से सेवानिवृत्त हुए। डॉ. सिंह प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के मंत्रिमंडल में वित्त मंत्री भी थे।

सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। इस दौरान पूरे देश में राष्ट्र ध्वज आधे झुके रहेंगे और कोई भी सरकारी कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे।

शोक संदेश

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि डॉ. सिंह उन असाधारण राजनेताओं में से एक थे, जिन्होंने शिक्षा और प्रशासन की दुनिया में समान रूप से सहजता से काम किया।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने संदेश में पूर्व प्रधानमंत्री को एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बताया, जिन्होंने भारत के आर्थिक परिदृश्य को बदल दिया।

अपने संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक के निधन पर शोक व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह एक साधारण पृष्ठभूमि से उठकर एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने।

निकाय चुनाव

भारतीय जनता पार्टी ने नगर पंचायत और नगर पालिका चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दे दिया है। पार्टी ने निगम महापौर के लिए नामों की सूची केंद्रीय नेतृत्व को भेजी है, और जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और अन्य नेताओं की उपस्थिति में निकाय चुनाव उम्मीदवारों पर बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से उम्मीदवारों के नाम तय किए गए।

निकाय चुनाव –प्रशासन तैयारियां

उत्तराखंड में आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें चुनाव प्रक्रिया, नामांकन, और व्यय सीमा पर सख्त दिशा–निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि सभी प्रत्याशियों को एनओसी और एफिडेविट जमा करना अनिवार्य होगा, और चुनावी व्यय का पूरा विवरण देना पड़ेगा। उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

विंटर लाइन

मसूरी में विंटर लाइन कार्निवल 2024 का कल रंगारंग शुभारंभ हुआ। जिलाधिकारी सविन बंसल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने कार्निवल का उद्घाटन करते हुए आधुनिक सेवाओं जैसे शटल सेवा और गोल्फ कार्ट का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर पर्यटकों के लिए साहसिक गतिविधियाँ, फूड फेस्टिवल और हॉट एयर बैलून राइड्स का आयोजन किया गया है।

उच्च न्यायालय

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राज्य में कूड़ा बीनने वाले बच्चों को सरकार की योजनाओं से वंचित किए जाने का संज्ञान लिया है। न्यायालय ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की रिपोर्ट पर सुनवाई करते हुए शहरी विकास निदेशक को निर्देश दिए कि वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हों और ये बताएं कि इन बच्चों के लिए राज्य सरकार क्या योजनाएं चला रही है। न्यायालय का कहना है कि इन बच्चों को शिक्षा और सुरक्षा की बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए।

<u>वनाग्नि नियंत्रण तैयारियां</u>

उत्तराखंड में फायर सीजन के शुरू होने से पहले वन विभाग अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। राज्य मे 15 फरवरी से फायर सीजन शुरू होता है। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि विभाग के पास आवश्यक संसाधन हैं और अग्निशमन कर्मियों के पास पर्याप्त उपकरण मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि इस बार वन विभाग ने आग लगने की सूचना देने के लिए एक एप भी लॉन्च किया है, और स्थानीय समुदायों की सहभागिता को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। इसके अलावा, एसडीआरएफ को भी वनाग्नि नियंत्रण के लिए विशेष जिम्मेदारी दी जाएगी।

<u>शुभारम्भ</u>

रुद्रपुर में 31वीं वाहिनी पीएसी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रादेशिक अंतर जनपदीय पुलिस कबड्डी क्लस्टर प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने किया। इस प्रतियोगिता में 14 टीमों के लगभग 177 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इस आयोजन से खिलाड़ियों को उत्साह मिलेगा और राज्य स्तर पर चयन का मौका मिलेगा।

प्रतियोगिता में कबड्डी, जिम्नास्टिक, फैन्सिंग और खो–खो जैसे खेलों का आयोजन किया जा रहा है।

<u>बारिश / बर्फबारी</u>

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आज बादल छाए हुए हैं। राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की ख़बर है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश और ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि मसूरी, धनोल्टी, चकराता, जोशीमठ, औली, नैनीताल, पिथौरागढ़, रानीखेत सहित ऊंचाई वाले पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी हो सकती है।

इस बीच, मौसम विभाग ने राज्य के दो हजार पांच सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में कल मध्यम से भारी बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। चेतावनी के अनुसार भारी बर्फबारी के अलावा राज्य के अन्य हिस्सों में विभिन्न स्थानों पर कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। मौसम विभाग ने वाहन चालकों को सतर्कता के साथ आवाजाही करने की सलाह दी है।

<u>दुर्घटना</u>

देहरादून से चकराता की ओर जा रही एक कार के लोखंडी के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरने से दो लोगों के गंभीर रुप से घायल होने की ख़बर है। इस वाहन में छह युवक सवार थे, जिन्हें पुलिस ने खाई से निकाल कर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

<u>पीएम विश्वकर्मा योजना</u>

पिथौरागढ़ जिले में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत युवाओं को कौशल उन्नयन के लिए पांच और पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस योजना से जुड़कर जिले में अब तक 416 लोगों ने अपने उद्योग स्थापित किये हैं। पिथौरागढ़ उद्योग केंद्र के प्रबंधक पंकज तिवारी ने बताया कि उद्योग केंद्र विभाग जिले में कई योजनाएं संचालित कर रहा है। इन योजनाओं के तहत नव उद्यमियों को अपने क्षेत्र स्थल पर ही स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इससे पलायन में कमी आने की उम्मीद है।

<u>यूजीसी</u>

यूजीसी की तीन सदस्यीय सुलभ ऑडिट टीम ने श्रीनगर गढ़वाल विश्वविद्यालय के बी गोपाल रेड्डी परिसर, पौड़ी और श्रीनगर बिड़ला परिसर का भ्रमण कर विभिन्न विभागों का दौरा किया। इस दौरान टीम ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों और छात्रों के साथ बैठक की। उन्होंने दिव्यांग शिक्षकों, दिव्यांग कर्मचारियों, दिव्यांग छात्रों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और उनके समाधान के सुझाव दिए।